**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड**
प्रधान कार्यालय : राजेन्द्र नगर रोड, जालोर –343001
बैंक हेल्पलाईन: 90798–06434
Website :- www.jalore.bank.in / Email:-headoffice@jalore.bank.in

**क्रमांक / जानासबैंक / 6341** **दिनांक 03.09.2026**

# 28 वीं वार्षिक आम सभा वर्ष 2025–2026

## समस्त अंशधारकों के लिए वार्षिक आमसभा की सूचना

बैंक के समस्त माननीय अंशधारकों को सूचना दी जाती हैं कि बैंक की 28 वीं वार्षिक आम सभा (वर्ष 2025–26) दिनांक 19.09.2026, शनिवार को प्रातः11(ग्यारह) बजे, स्थान : होटल गोल्डन चेरियट पैलेस, जालोर–आहोर रोड, माधोपुरा(आहोर), जिला जालोर, पर आयोजित की जा रही हैं। इस वार्षिक आम सभा में आप बैंक के समस्त अंशधारी सदस्यगण सादर आमन्त्रित हैं।

## * आम सभा में विचारणीय विषय *

1. दिनांक 10.08.2025 को आयोजित गत वार्षिक आम सभा की बैठक कार्यवाही की पुष्टि करना।
2. अध्यक्षीय प्रतिवेदन का पठन एवं अनुमोदन।
3. बैंक के दिनांक 31.03.2026 के अंकेक्षित बेलेन्स शीट, लाभ–हानि खाता, अंकेक्षण रिपोर्ट एवं रिपोर्ट के 'अ' भाग में उल्लेखित आक्षेपो की अनुपालना रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन।
4. वर्ष 2025–26 के शुद्ध लाभ के निस्तारण पर विचार एवं अनुमोदन।
5. वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट के प्रावधानों के विरूद्व अधिक व्यय का अनुमोदन तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु बजट का अनुमोदन करना।
6. **विशेष प्रस्ताव** :– बैंक की अधिकृत हिस्सा पूंजी राशि 20 करोड़ रू. से बढाकर राशि 50 करोड़ रू. किये जाने वाले प्रस्ताव को विशेष प्रस्ताव के रूप में पारित करने पर विचार एवं निर्णय।
7. संचालक मण्डल द्वारा स्वीकृत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को किए गए बोनस / एक्सग्रेसिया इत्यादि के भुगतान का अनुमोदन।
8. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से।

**संचालक मण्डल की आज्ञा से**
(परमानन्द भट्ट)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

## आवश्यक टिप्पणी

**01.** निर्धारित समय पर न्यूनतम गणपूर्ति नहीं होने पर साधारण आम सभा स्थगित कर दी जाएगी एवं पुनः एक घण्टे पश्चात् उसी स्थान पर साधारण सभा प्रारम्भ कर दी जाएगी। विषय सूची अपरिवर्तित रहेगी। स्थगन पश्चात् आहूत बैठक में गणपूर्ति आवश्यक नहीं हैं। **02.** सदस्यगणों से आग्रह है कि अपना मूल परिचय पत्र (मान्य दस्तावेज) आवश्यक रूप से साथ में लावे। **03.** बैंक के अंकेक्षित वित्तीय विवरण संतुलन चित्र, लाभ हानि खाता एवम् ऑडिटर रिपोर्ट बैंक की Website :- www.jalore.bank.in पर उपलब्ध है। **04.** एजेण्डा में सूचीबद्ध बिन्दू संख्या 6 पर प्रस्तावित विशेष प्रस्ताव के अनुमोदन पर यदि किसी भी सदस्य को आपत्ति है तो वे दिनांक 17 सितम्बर 2026 गुरूवार सांय 05 बजे तक अपनी आपत्ति प्रधान कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। विशेष प्रस्ताव का ब्यौरा बैंक की Website :- www.jalore.bank.in पर उपलब्ध हैं। **05.**यदि कोई सदस्य एजेण्डा विषय में समाहित आवश्यक सूचना अथवा रिकार्ड की जानकारी प्राप्त करना चाहे तो बैंक प्रधान कार्यालय में दिनांक 17 सितम्बर 2026 तक कार्यालय समय में पधार कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**